2023-24 संकलनात्मक मूल्यांकन–1

समय: 1 1/2 घंटा **8 वीं कक्षा तृतीय भाषा हिंदी** **अंक : 40**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए के चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 4x**1**=4

1. इन श्ब्दो में एक वचन रूप है,

A) लड़के B) बच्चे C) बात D) कहानियाँ

2. इन शब्दों में स्त्रीलिंग शब्द है,

A) मोर B) राजा C) भाई D) मालकिन

3. 'गलत' शब्द का विलोमार्थक शब्द है,

A) सवाल B) सही C) जवाब D) सच

4. इनमें से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है,

A) सिखाना B) सीख C) सीखवाना D) सीखना

II निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के संबंध के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4x1=4**

5. चंग : चढ़ना :: वारिधर :______

6. मिर्च मसाला : लोककाथा :: मेरा देश, मेरी माँ : ______

7. माफ़ी : क्षमा :: दंड : _______

8. शिक्षा : ठाकुर गोपालशरण सींह :: मोबाइल का बोलबाला : _____

III. जोड़कर लिखिए: **4x1=4**

क	**ख**
9. मेजर	i) राष्ट्रपिता
10. आग बबूला होना	ii) मंगलूरु समाचार
11. महात्मा गांधी	iii) आशाराम त्यागी
12. कन्नड़ का पहला समाचार पत्र	IV) अत्यंत क्रोधित होना

IV. निम्नलिखित प्रश्नों को एक वाक्य में उत्तर लिखिए : 4x**1**=4

13. भगवान से हमें क्या माँगना चाहिए ?
14. सुधा छुट्टी क्यों माँग रही है ?
15. मुरली ने गाना कैसे सीखा है ?
16. गांधीजी किसकी मूर्ति थे ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों को दो–तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए: 7x**2**=14

17. भोलू क्यो घबरा गया ?
18. सैनिकों को तुरंत अचानक वापस आने का आदेश क्यों दिया गया ?
19. पानी कैसे बरसता है ? नदियाँ कैसे बहती है ?
20. गांधीजी की सत्य – प्रियता कहाँ से शुरू हुई ? कैसे ?
21. समचार पत्र में कौन-कौन से विषय होते है ?
22. बंदर ने रोटी का बँटवारा कैसे किया ?
23. टेलीफोन मन-ही-मन मोबाइल के बारे में क्या कहा ?

VI. निम्नलिखित प्रश्नों को 3-4 वाक्यों में उत्तर लिखिए: 2x3=6

24. **पद्यभाग पूर्ण कीजिए :**

सच बोलें__________

____

____

___________ को बिसराएँ ।

25. **निम्नलिखित गध्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

प्राचीन काल में राजा - महाराजा कबूतरों के द्वारा संदेश भेजो करते थे । संदेश वाहक भी संदेश लेकर जाते थे ।

VII. 26. तीन दिनो की छुट्टी माँगते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाध्यपक को पत्र लिखिए । **1x4=4**

****

उत्तर कुंजी

I.

1. C. बात

2. D. मालकिन

3. B. सही

4. A. सिखाना

II.

5. बादल

6. कहानी

7. सज़ा

8. सुरेखा शर्मा 'शांति

III.

9. iii) आशाराम त्यागी

10. IV) अत्यंत क्रोधित होना

11. i) राष्ट्रपिता

12. ii) मंगलूरु समाचार

IV.

13. भगवान से हमें किसी का अपमान न करने की मति देने को माँगना चाहिए।

14. सुधा भाई की शादी में भाग लेने के लिए बेंगलुरु जाने के लिए छुट्टी माँग रही है।

15. मुरली ने अपना उर छेदकर गाना सीखा है।

16. गांधीजी त्याग और तपस्या की मूर्ति थे।

V.

17. *थोड़ा सा दूध मुँह से निकल कर जमीन पर फैल गया।
*फैले दूध में उसे दो पंख दिखाई दिये।
*इसलिए भोलू घबरा गया।

18. दुश्मनों ने भारत पर अचानक आक्रमण कर दिया इसलिए सैनिकों को तुरंत वापस आने के आदेश अचानक दिया गया।

19. मिट – मिटकर वारीधरों से पानी बरसता है और तरु गिरिवर से गिर - गिरकर बहती है।

20. *एक दिन की बात है। शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूल के निरीक्षण के लिए आये।उन्होंने अंग्रेजी के पाँच शब्द लिखवाये। उनमें एक शब्द था कैटल।
*बालक गांधी ने इसके हिज्जे गलत लिखे।अध्यापक ने इशारे से समझाया कि दूसरे लड़के के हिज्जे देख कर ठीक कर लो। किंतु गांधी ने ऐसा नहीं किया।
* हिज्जे की गलती के कारण मोहन को बुद्धू माना गया। किंतु उन्हें बुरा न लगा।
*उन्हें इस बात की खुशी थी कि उन्होंने चोरी का रास्ता नहीं अपनाया। उनकी सत्यप्रियता यहीं से शुरू हुई जिसने उन्हें आगे महात्मा बनाया।

21. समाचार पत्र में देश-विदेशों में घटनेवाली घटनाओं का विवरण रहता है। खेल-कूद, सिनेमा, मौसम, नौकरी संबंधी विज्ञापन, बाजार भाव, कृषि-व्यापार संबंधी सूचनाएँ मिलती है। कार्टून, पदबंध, विवाह संबंधी विज्ञापन, परीक्षा उपयोगी सामग्री, परीक्षा फल आदि।

22. *बंदर रोटी का दो टुकड़ा करके तराजू में डालकर पलडों पर धरके अधिक जो देखा उस टुकड़े को खाया। बड़ा दूसरा उसे भी चबाया।

*रोटी थोड़ी शेष रही जब बंदर बोला सुन लो अब तुम यह टुकड़ा मेरी मजदूरी हुई और मेरी कामना पूरी भी इस तरह बंदर ने रोटी को बाँटा।

23. टेलीफोन मन ही मन में "दिखने में चूहे जैसा ! ना मूँछ, ना पूछ फिर भी इसकी इतनी पूँछ इस तरह कहा।"

VI.

24. सच बोलें सच बात विचारें।
भले काम पर जीवन वारें।।
मिलकर रहें, नियम अपनाएँ।
बीती बातों को बिसराएं।।

25. ಪ್ರಾಚೀನ ಕಾಲದಲ್ಲಿ, ರಾಜರು ಮತ್ತು ಚಕ್ರವರ್ತಿಗಳು ಪಾರಿವಾಳಗಳ ಮೂಲಕ ಸಂದೇಶಗಳನ್ನು ಕಳುಹಿಸುತ್ತಿದ್ದರು. ಸಂದೇಶವಾಹಕರು ಸಂದೇಶಗಳನ್ನು ಸಹ ಸಾಗಿಸಿದರು.

In ancient times, kings and emperors used to send messages through pigeons. Messengers also carried messages.

VII.

26.

दिनांक : 08.08.2023

प्रेषक ,
भव्या,
आठवीं कक्षा ,
सरकारी हाईस्कूल ,
मैसूरु - 570020

सेवा में ,
प्रधानाध्यपक ,
सरकारी हाईस्कूल ,
मैसूरु - 570020

आदरणीय महोदय ,

विषय : तीन दिन की छुट्टी की प्रार्थना हेतु।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि दि : 09-08-2022 से दि : 11-08-2022 तक मुझे अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए बेंगलूरु जाना है , इसलिए मैं विद्यालय नहीं आ सकती। अतः आपसे प्रार्थना करती हूँ कि इन तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें।

धन्यवाद सहित ,

आपकी आज्ञाकारी छात्रा ,
भव्या

****